

पंचदश बिहार विधान सभा

सप्तदश सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-06.08.2015 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री अरूण शंकर प्रसाद, स०वि०स० श्री नितिन नवीन, स०वि०स० श्री संजय सिंह 'टाइगर', स०वि०स०	"मधुबनी जिलान्तर्गत जयनगर प्रखण्ड के जयनगर बस्ती गाँव में दिनांक-26.07.2015 को एल०पी०जी० गैस से भोजन बनाने के क्रम में गैस लीक होने से आग लगने के कारण एक ही परिवार के आठ लोग झुलसकर बुरी तरह से जख्मी हो गये । इलाज के क्रम में मनीष कुमार महासेठ उम्र-32 वर्ष, ईशा कुमारी उम्र-14 वर्ष, सलोनी कुमारी उम्र-05 वर्ष, संध्या कुमारी उम्र-2 वर्ष, सुमीत कुमार उम्र-1 वर्ष की मृत्यु पी०एम०सी०एच०, पटना तथा कृष्णा देवी उम्र-52 वर्ष की मृत्यु अपोलो बर्न अस्पताल, पटना में हो गया । दो गम्भीर रूप से जख्मी का इलाज अपोलो बर्न अस्पताल, पटना में चल रहा है । ये अत्यन्त निर्धन एवं असहाय हैं । इस घटना से इलाके के लोग बहुत ही दुःखी एवं मर्माहत हैं । अभी तक कोई सरकारी सहायता नहीं मिली है । अतः मृतक के आश्रितों को समुचित मुआवजा एवं बचे हुए जख्मी का इलाज सरकारी खर्च पर कराने हेतु हम सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हैं ।"	आपदा प्रबंधन

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
2.	श्रीमती मीना द्विवेदी, स०वि०स० श्री शिवजी राय, स०वि०स० श्री श्याम बिहारी प्रसाद, स०वि०स०	"बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों में स्नातक की कक्षा का सत्र नियमित रूप से चल रहा है जिससे यहाँ के छात्र डिग्री लेने के बाद समयपर दूसरे संस्थान में दाखिला ले पाते हैं। लेकिन बाबा साहब भीमराव अम्बेदकर बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक कक्षा का सत्र काफी पीछे चल रहा है। वर्ष 2011-14 के सत्र की अभी फाइनल परीक्षा भी नहीं हो पायी है। सत्र 2012-15 भी एक वर्ष पीछे चल रहा है। जिन छात्रों को तृतीय वर्ष में रहना चाहिए वे इस विश्वविद्यालय के कुलपति, उप कुलपति, परीक्षा नियंत्रक एवं अन्य पदाधिकारियों की उदासीनता एवं लापरवाही के कारण द्वितीय वर्ष में प्रवेश ही पा रहे हैं। छात्रों को समय पर अंक पत्र भी नहीं मिल पाता है। छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। यहाँ के छात्र दूसरे संस्थान में उच्च शिक्षा हेतु सही सत्र में दाखिला नहीं ले पाते हैं। अतएव छात्र-छात्राओं के भविष्य को खराब करने वाले बिहार विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों पर उचित कार्रवाई करने तथा सत्र को नियमित करने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं।"	शिक्षा

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।

ज्ञाप संख्या ध्या०प्र० 30/15 1412 / वि०स०, पटना, दिनांक 05 अगस्त, 2015 ई०।

प्रति : बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / आपदा प्रबंधन विभाग तथा शिक्षा विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(भूषण कुमार झा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।

ज्ञाप संख्या ध्या०प्र० 30/15 1412 / वि०स०, पटना, दिनांक 05 अगस्त, 2015 ई०।

प्रति :- उप सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / अपर आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / अवर सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित।

(भूषण कुमार झा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।